हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, बुधवार, 26 मार्च 2025

11 पेयजल व्यवस्था की नई संचालन नीति को...



12 महेंद्रगढ़ के 20 विकास कार्यों को लेकर सामाजिक संगठनों ने ...



## अटेली के बाद अब कनीना मंडी में पहुंची सरसों, नारनौल, महेंद्रगढ़, सतनाली व नांगल चौधरी को अभी इंतजार

■ प्रारंभ में एनसीसीएफ के माध्यम से स्टेट वेयर हाउस द्वारा नैफेड के लिए की जाएगी खरीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल/कनीना

सरसों खरीद की तैयारी पूरी है। सरकार के हिदायतों अनुसार खरीद 15 मार्च से शुरू कर दी गई थी, लेकिन किसान सरसों लेकर ही नहीं पहुंचे। सोमवार को अटेली और अब अगले दिन मंगलवार को कनीना मंडी में सरसों लेकर किसान पहुंचे है। 10 दिन खरीद शुरू होने के बाद भी अभी तक जिला की अन्य छह मंडी नारनौल, महेंद्रगढ़, नांगल चौधरी व सतनाली में किसान फसल लेकर नहीं पहुंचे है।

हरियाणा प्रदेश की मंडियों में किसान का पीला सोना समझी जाने वाली सरसों फसल की कटाई का कार्य तेजी से जारी हैं वहीं भंडारण शुरू होने के बाद सरकारी खरीद भी शुरू हो गई है। मंगलवार को कनीना मंडी में 32 किसानों की 625 क्विंटल सरसों पहुंची। जिनके मार्केट कमेटी की ओर से गेट पास जारी किए गए। प्रदेश सरकार की ओर से सरसों की खरीद 15 मार्च से शुरू करने की घोषणा की गई थी लेकिन मंडियों में सरसों नहीं पहुंचने के कारण खरीद शुरू नहीं हो सकी थी। मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह ने किसानों से कहा कि मंडी में साफ-सुथरी तथा सुखाकर सरसों लेकर आएं। सरसों साफ नहीं होने तथा आठ फीसदी से अधिक नमी होने की स्थिति में सरसों की खरीद नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि नकली एवं मिलावटी सरसों पाए जाने पर पुलिस केस दर्ज कराया जाएगा। प्रारंभिक दौर में सरसों की खरीद नैफेड के लिए एनसीसीएफ,नैशनल को-ऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन के माध्यम से स्टेट वेयर हाउस द्वारा की जाएगी। उनके प्रबंधक दीपक दुबे मंडी में पहुंच चुके हैं।



कनीना। मंडी कनीना में सरसों खरीद हुई शुरू। फोटो :हरिभूमि

उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए मंडी गेट पर दो धर्मकांटे संचालित किए गए हैं, जिनका निरीक्षण मापतौल विभाग द्वारा करने के बाद प्रमाण पत्र जारी किया गया है। इसके अलावा मंडी में साफ-सफाई, बिजली-पेयजल, टॉयलेट की सुंदर व्यवस्था की गई है। सरसों खरीद होने के बाद खरीद एजेंसी द्वारा 72 घंटे में किसानों के खाते में राशि डाली जाएगी। उन्होंने बताया कि सरसों खरीद के लिए प्रदेश में 108 मंडियां निर्धारित की गई हैं। जहां एमएसपी 5950 रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीद की जा रही है।

कृषि विभाग के एसडीओ डॉ. अजय कुमार यादव ने बताया कनीना ब्लॉक में करीब 34 हजार हैक्टेयर कृषि योग्य भूमि में से 19500 हैक्टेयर भूमि पर सरसों तथा 9500 हैक्टेयर भेमि पर गेहूं की फसल बिजाई की गई थी। सरसों फसल की 40-45 फीसदी कटाई हो चुकी है जबकि गेहूं की कटाई शुरू नहीं की गई है। सरसों की बंपर पैदावार की उम्मीद है। कनीना की नई आनाज मंडी चेलावास में स्टेट वेयर हाउस की ओर से सरसों की खरीद शुरू की गई है।

एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि सरसों मंडी में सरसों की आवक शुरू हो गई है। एमएसपी पर उन्हीं किसानों की सरसों खरीदी जाएगी जिन्होंने पोर्टल पर पंजीकरण करवाया हुआ है। किसान निर्धारित मापदंडो के मुताबिक मंडी में सरसों लेकर आएं तो उन्हें व खरीद एजेंसी को परेशानी पेश नहीं आने दी आएगी।

### अटेली अनाज मंडी में दूसरे दिन भी सरसों की खरीद जारी

**मंडी अटेली।** अटेली अनाज मंडी में सरसों की खरीद का कार्य तेजी पकड़ रहा है। मंगलवार दूसरे दिन मंडी में कुल 639 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। खरीद प्रक्रिया का निरीक्षण कर रहे हेफेड प्रबंधक रोशनलाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले दिन मंडी में 234 क्विंटल सरसों की खरीद हो चुकी थी। इस प्रकार अब तक मंडी में कुल 873 क्विंटल सरसों की खरीद संपन्न हो चुकी है। अनाज मंडी में केवल गुणवत्तापूर्ण सरसों की ही खरीद की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत

**महेंद्रगढ़।** गांव निम्बहेड़ा निवासी एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई हैं। मृतक व्यक्ति का अपनी पत्नी के साथ झगड़ा हो गया था। मृतक के दो बच्चे भी हैं। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के पिता हनुमान ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह गांव निम्बहेड़ा का निवासी है तथा मिस्त्री का काम करता है। 24 मार्च की रात को समय करीब नौ बजे उसका बेटा संदीप के साथ झगड़ा हो गया था। फिर वह अपने भाई ताराचंद के पास सोने चला गया था। घर पर बेटा संदीप व पुत्रवधू सोनू व उनके दो बच्चे थे। जब वह गया तो तब उसके पुत्र संदीप व पुत्रवधू सोनू का आपस में झगड़ा हो रहा था। अगले दिन दोपहर समय करीब एक बजे वह घर पर आया, तब देखा कि उसका बेटा संदीप जमीन पर मृत अवस्था में पड़ा था और ऊपर पंखे पर एक रस्सी लटक रही थी। फिर उसने डायल-112 पर कॉल की।

### गाड़ी ने नर्सरी की बच्ची को मारी टक्कर, घायल

**मंडी अटेली।** नेशनल हाईवे नारनौल-रेवाड़ी रोड पर सुजापुर के सर्विस रोड पर गाड़ी ने नर्सरी कक्षा में पढ़ने वाली लड़की को मारी टक्कर दी। टक्कर लगने से बच्ची के सिर और पैर में चोट आ गई। जानकारी के अनुसार सुजापुर निवासी जितेन्द्र कुमार ने पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया कि वह बावल कम्पनी में प्राईवेट नौकरी करता है। उसकी लड़की कुण्ड के निजी स्कूल में नर्सरी कक्षा में पढ़ती है। वह प्रतिदिन स्कूल बस से घर आती है। उस स्कूल बस में कोई भी कंडक्टर नहीं लगा रखा है। गत 20 मार्च को स्कूल से वापस घर लौट रही थी। नेशनल हाईवे नारनौल–रेवाड़ी रोड पर सुजापुर के सर्विस लेन पर गलत साइड उतार कर बस आगे चली गई। उस समय रोड के दूसरी ओर उसकी दादी मां खड़ी थी। उसी दिन हाईवे पर मरम्मत का काम चल रहा था, जिसके चलते गाड़ी सर्विस लेन पर चल रही थी। जिस कारण उसकी दादी मां लड़की की साईड नहीं जा पाई। लड़की दादी मां को देखकर खुश हो गई।

## रेल के माध्यम से देशभर से जुड़ाव होने का महेंद्रगढ़ को मिल सकता है फायदा

# मुहिम: आईआईटी के लिए जिला एकजुट मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे विधायक

■ कई गांवों की पंचायत भी सांसद से महेंद्रगढ़ में आईआईटी बनाने की मांग को लेकर कर चुकी है मुलाकात

महेश कुमार ⏭ महेंद्रगढ़

केंद्र सरकार की ओर से प्रदेश में आईआईटी स्थापित करने की चर्चाओं के बाद जिला के लोग एकजुट होने लगे हैं। आमजन से लेकर, जिला प्रशासन, सामाजिक संगठनों व स्थानीय नेताओं ने महेंद्रगढ़ में आईआईटी बनाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। जिले के गांव खुड़ाना व पाली ने आईआईटी को लेकर देने की सहमति जताई है। वहीं विधायक कंवर यादव भी जल्द ही महेंद्रगढ़ आईआईटी स्थापित कराने की मांग को लेकर सीएम से मुलाकात करेंगे।

आईआईटी की स्थापना के लिए प्रदेश सरकार इस समय एक जगह पर 300 एकड़ भूमि की तलाश कर रही है। उपायुक्त की ओर पिछले बुधवार को अधिकारियों व ग्राम पंचायत सदस्यों की बैठक बुलाई गई थी। गांव पाली व खुडाना ग्राम पंचायतों ने भूमि देने के लिए सहमति जताई थी। वहीं रविवार को विभिन्न गांवों के सरपंचों ने महेंद्रगढ़ आईआईटी खुलवाने की मांग को लेकर सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह के समक्ष अपनी मांग की थी। इसके अलावा विभिन्न गांवों के सरपंचों जल्द ही सीएम नायब सिंह से भी मुलाकात करेंगे।

### सीएम से मुलाकात करेंगे विभिन्न गांवों के सरपंच



गांव पाली के सरपंच देशराज फौजी ने बताया कि ग्राम पंचायत पाली आईआईटी के लिए जमीन देने को तैयार है। उपायुक्त के समक्ष भी गांव पाली व खुड़ाना ने जमीन देने पर सहमति जताई थी। एसडीएम भी गांव का दौरा कर चुके हैं। करीब 15 गांवों के सरपंचों ने सांसद ने मुलाकात करके आईआईटी महेंद्रगढ़ में खोलने की मांग रखी थी। जल्द ही विभिन्न गांवों के सरंपचों को प्रतिनिधिमंडल सीएम से भी मुलाकात करेगा।

### गांव खुडाना भी जमीन देने को है तैयार



गांव खुडाना के सरपंच प्रतिनिधि नरेश सिंह तंवर का कहना है कि गांव खुडाना के पास प्रस्तावित आईएमटी परियोजना को 1200 एकड़ जमीन देने के बाद भी करीब 1000 एकड़ पंचायती जमीन बचती है। ग्राम पंचायत आईआईटी को जमीन देने के लिए तैयार है। महेंद्रगढ़ जिला शिक्षा का हब बन चुका है। देशभर से विद्यार्थी यहां शिक्षा ग्रहण करने के लिए महेंद्रगढ़ आते हैं। विद्यार्थी अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद आसानी से महेंद्रगढ़ से आईआईटी की तैयारी कर सकते हैं।

*बेहतर कनेक्वीटी का महेंद्रगढ़ का मिल सकता है लाभः* गांव खुडाना व पाली के पास आईआईटी के लिए जगह देने के लिए पर्याप्त भूमि है। इसके अलावा दोनों गांव नारनौल-दादरी स्टेट हाईवे 148 बी पर लगते है। यह मार्ग प्रदेश के 16 जिलों को जोड़ता है। दादरी, भिवानी, रोहतक, झज्जर, हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, जींद, करनाल, कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, यमुनानगर, पानीपत, सोनीपत व कैथल शामिल है।

### सीएम को भेजी जाएगी रिपोर्ट



विधायक कंवर सिंह यादव का कहना है कि प्रदेश में आईआईटी खोलने का महेंद्रगढ़ सबसे उपयुक्त स्थान है। जिला की दो पंचायत जमीन देने को तैयार हैं। अधिकारियों को उपयुक्त रिपोर्ट भेजने के आदेश दिए जा चुके हैं। वे स्वयं भी रिपोर्ट बनाकर जल्द ही सीएम से महेंद्रगढ़ में आईआईटी स्थापित करने की मांग रखेंगे।

## पत्नी की हत्या व नाबालिग से सेक्सुअल असॉल्ट में दोषी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

पत्नी की हत्या और नाबालिग के साथ सेक्सुअल असॉल्ट करने के मामले में स्पेशल कोर्ट/अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट (पॉक्सो) केपी सिंह कोर्ट ने दोषी राजबीर को धारा 302 आईपीसी के तहत आजीवन कारावास, धारा 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अंतिम सांस तक कारावास और 2 लाख 5 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

गत जुलाई 2023 में आरोपित के खिलाफ थाना सदर महेंद्रगढ़ में पत्नी की हत्या करने का मामला दर्ज हुआ था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित ने आपसी मनमुटाव में वारदात को अंजाम दिया था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसकी माता की करीब 15 वर्ष पहले मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद पिता ने दूसरी शादी कर ली थी। पिता राजबीर का दूसरी पत्नी से भी विवाद हो गया तथा उसने लात घुस्सें मारकर व गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जांच में आरोपित द्वारा नाबालिग के साथ



सेक्सुअल असॉल्ट करने का मामला भी सामने आया, जिसके आधार पर मामले में पॉक्सो एक्ट की धारा जोड़कर नाबालिग के माननीय न्यायाधीश के सम्मुख ब्यान करवाए गए। इसके बाद मामले की सुनवाई माननीय केपी सिंह स्पेशल कोर्ट/अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट, पॉक्सो नारनौल की कोर्ट में हुई।

न्यायालय में सुनवाई के दौरान उप जिला न्यायवादी भारत भूषण दहिया ने मामले में शिकायतकर्ता के पक्ष में प्रभावशाली पैरवी करते हुए दोषी को सजा दिलाने में भूमिका निभाई। सुनवाई के दौरान माननीय न्यायालय ने मामले को बहुत ही संगीन माना और जांच इकाई की उत्कृष्ट पैरवी एवं प्रॉसीक्यूशन द्वारा पेश की गई मजबूत दलीलों से दोषी की सजा में कोई नरमी नहीं बरती।

## ग्रुप डी कर्मचारी ने महिला दिवस पर लगाई दौड़, गिर पड़ी, 16 दिन बाद मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



■ कृष्ण नगर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दौड़ लगाने वाली खटोटी खुर्द निवासी पूजा की उपचार के दौरान मौत

कृष्ण नगर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में दौड़ लगाने की वाली खटोटी खुर्द निवासी ग्रुप डी कर्मचारी पूजा (बागड़ी) गत 8 मार्च को वहीं मैदान पर गिर पड़ी थी, परिजनों ने उस महिला कर्मचारी का गुरुग्राम के मेदांता जैसे नामी अस्पताल से उपचार करवा उसे बचाने की हर संभव कोशिश की, लेकिन अंतत उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना देने पर गहली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 194 के तहत इत्तेफाकिया हादसे की कार्रवाई करते हुए शव का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम करवा उसे परिजनों को सौंप दिया।

गत 8 मार्च को कृष्ण नगर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। गांव खटोटी खुर्द निवासी पूजा पत्नी अरुण कृष्ण नगर कॉलेज में ग्रुप डी कर्मचारी के रूप में नौकरी लगी थी। उसकी यह नौकरी गत वर्ष अगस्त 2023 में ही लगी थी। जब खेलकूद प्रतियोगिता चल रही थी, तब कॉलेज स्टॉफ ने भी उसमें हिस्सा लिया था। पूजा ने उस समय 200 मीटर दौड़ में हिस्सा लिया था। दो राउंड वह पार कर चुकी थी और तीसरा राउंड चल रहा था, जिसमें उसका जी घबरा गया और वह वहीं पर बैठ गई। बैठने उपरांत वह वहीं पर गिर पड़ी और उसकी तबीयत खराब हो गई। कॉलेज स्टॉफ ने एंबुलेंस के जरिए उसे नारनौल के एक निजी अस्पताल पहुंचाया तथा इसकी सूचना पूजा के परिजनों को दी। सीपीआर देने के बाजवूद पूजा की तबीयत में कोई सुधार नहीं हुआ, जिस पर निजी अस्पताल से उसको हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। घबराए परिजन पूजा को बचाने के उद्देश्य से गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीरावस्था के चलते उपचार के लिए भर्ती कर लिया।

पूजा के काका ससुर (काकसरा) धर्मवीर ने बताया कि मेदांता अस्पताल में पूजा की एमआरआई समेत विभिन्न प्रकार की जांच करके उपचार शुरू किया गया और वह कुछ दिन वहां पर एडमिट रही, लेकिन उसकी तबीयत में ज्यादा सुधार नहीं हुआ। 16 मार्च को वहां के डाक्टरों ने पूजा को रेफर कर दिया और बताया कि पूजा का माइंड डैड हो गया है और साइंस में इसका उपचार उपलब्ध नहीं है। उन्होंने पूजा को वहां से रेफर कर दिया और कहा कि इन्हें नजदीकी वेंटीलेटर पर रखवा लो, जिस पर उसे नारनौल के जयपुर हर्ट हॉस्पिटल लाया गया, जहां उसने बीती मध्य रात्रि को प्राण त्याग दिए। पूजा अपने पीछे 5 साल का लड़का एवं 14 माह की मासूम लड़की छोड़ गई है।

परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी, जिस पर गहली पुलिस ने अस्पताल पहुंच बीएनएस की धारा 194 के तहत कार्रवाई करते हुए शव का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम कराया और उसे परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने गमगीन माहौल में गांव ले जाकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

## अटेली के धनौंदा में 3 व खोड़ में 4 एकड़ भूमि पर अवैध कॉलोनी में की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिला नगर योजनाकार टीम ने मंगलवार शहरी क्षेत्र अटेली में अटेली-धनौंदा रोड पर राजस्व सम्पदा धनौंदा में लगभग तीन एकड़ भूमि में अवैध कालोनी में तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई और राजस्व सम्पदा खोड में लगभग चार एकड भूमि में विकसित की जा रही अवैध कालोनी में तोड़फोड़ की गई। इस कार्यवाही में 20 डीपीसी, आठ चारदीवारी व तीन अवैध निर्माण के साथ- साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़ दिए गए। यह पूरी तोड़फोड़ कार्यवाही जिला नगर योजनाकार, गुंजन वर्मा की अगुवाई में कनिष्ठ अभियंता, धर्मपाल, अनूप सिंह, नरेश कुमार, योगेन्द्र कुमार, विकास कुमार के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में जिला प्रशासन की मदद से अमल में लाई गई।

इस अवसर पर जिला नगर योजनाकार गुंजन वर्मा ने कहा कि नियनत्रित क्षेत्र/शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें तथा महानिदेशक, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा से लाईसैन्स अनुमति लेने उपरान्त ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें अन्यथा चूककर्ताओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसीलिए आम जन से बार-बार यही कहा जाता है कि किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई प्लाट प्रापर्टी डीलर्स के बहकावे में आकर न खरीदें और न ही अवैध निर्माण करें। इसके अतिरिक्त कोई भी प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता बारे व निर्माण करने से पूर्व नियमानुसार अनुमति लेने बारे जिला नगर योजनाकार कार्यालय नारनौल से किसी भी कार्यदिवस में पता किया जा सकता है।



नारनौल। अवैध कॉलोनी में तोड़ फोड़ करती अर्थमुवर मशीन। फोटो : हरिभूमि

## शहीद अमित कुमार का सैन्य सम्मान के साथ किया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

अटेली खंड के गांव फतेहपुर निवासी अमित कुमार का मंगलवार को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान हजारों नम आंखों ने शहीद अमित कुमार अमर रहे के जयघोष के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी। शहीद का अंतिम संस्कार गांव के खेल मैदान में किया गया।

करीब 40 वर्षीय अमित कुमार भारतीय सेवा में लेह लद्दाख में बीआरओ में ड्राइवर के पद पर तैनात थे। बीते 24 अक्टूबर को सड़क दुर्घटना में शहीद हो गए थे, जिसके बाद उनका पार्थिव शरीर बर्फ में दब गया था। ज्यादा बर्फ होने के कारण सर्च अभियान में कामयाबी नहीं मिल पाई थी, लेकिन लगातार सर्च ऑपरेशन के दौरान 23 मार्च को अमित कुमार का पार्थिव शरीर दुर्घटना के 40 किमी. दूर मिला, जिसके बाद मंगलवार को उनका पार्थिव शरीर विशेष सैन्य वाहन से उनके पैतृक गांव फतेहपुर लाया गया। जहां पर ग्रामीणों ने उनके अंतिम दर्शन किए। शहीद की पत्नी मुकेश देवी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था। जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम रमित यादव व नायब तहसीलदार दुग्गल ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद की पत्नी मुकेश देवी ने कहा कि उन्हें अपने पति की शहादत पर गर्व है।



मंडी अटेली। अमित कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए व (इनसेट में) अमित कुमार।

### एक घंटे की मेहनत के बाद पाया आग पर काबू, कारण का खुलासा नहीं

## काठमंडी में फर्नीचर फैक्ट्री में आगजनी में 12 लाख का नुकसान


हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शहर में नागरिक अस्पताल के सामने काठ मंडी में स्थित एक फर्नीचर फैक्ट्री में आगजनी की घटना हो गई है। यह आग रात करीब दो से ढाई बजे के बीच में लगी। आगजनी के पीछे कारण क्या है? इसका अभी खुल्लासा नहीं हो पाया है। बरहाल, इस घटना में फर्नीचर फैक्ट्री संचालक को करीब 10 से 11 लाख और उसके पड़ोस में दूसरी दुकान का करीब एक से डेढ़ लाख का नुकसान आंका जा रहा है।

काठ मंडी में गांव शोभापुर निवासी एवं फिलहाल रेलवे रोड पर रहने वाले कृष्ण शर्मा ने दुकान व फैक्ट्री कर रही है। इस फैक्ट्री में वह सोफासेट, बैड व अन्य फर्नीचर बनाने का काम करता है। वहीं यहां पर दुकान में वह सामान को बेचता भी है। रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच में उसकी फैक्ट्री में आग लग गई। इसकी सूचना वहां पर रहने वाले पड़ोसियों ने उसको दी। वहीं दमकल को भी इसकी जानकारी दी गई। जिसके बाद मौके पर दमकल की दो गाड़ियां आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंच गई। वहीं फैक्ट्री मालिक भी मौके पर पहुंचा।

पीड़ित फैक्ट्री संचालक कृष्ण कुमार का कहना है कि आग लगने की वजह से काठ का सारा सामान जल गया। इसमें लकड़ी, सीट, फ्रेम, पलाई व बोर्ड तथा अन्य सामान शामिल है। इसके अलावा फॉम व मशीनें भी जल गई। संचालक ने बताया कि फैक्ट्री में आग किस कारण लगी, यह अभी तक पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि आग लगने से उसको दस लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से गुहार लगाई की उसके नुकसान की भरपाई सरकार द्वारा कराई जाए।





नारनौल। फैक्ट्री में लगी आग व आगजनी पर काबू पाते फायर ब्रिगेड कर्मी। फोटो :हरिभूमि



# ‘फुले’ में है सामाजिक बदलाव की कहानी...

**नई दिल्ली।** हाल ही में फिल्म ‘फुले’का ट्रेलर रिलीज हुआ है। यह फिल्म एक बायोग्राफिकल ड्रामा है। इस फिल्म के ट्रेलर में अभिनेत्री पत्रलेखा, अभिनेता प्रतीक गांधी, महात्मा ज्योतिराव फुले और उनकी सावित्रीबाई फुले के किरदारों में नजर आ रहे हैं। ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले किस प्रकार समाज में क्रांति लेकर आए, उन्होंने महिलाओं, दलितों के लिए बदलाव की राह तैयार की, इन्हीं बातों की झलक ट्रेलर में नजर आती है। अनंत महादेवन द्वारा निर्देशित फिल्म ‘फुले’ में प्रतीक गांधी ने ज्योतिराव फुले और पत्रलेखा ने उनकी पत्नी ज्ञानज्योति सावित्रीबाई फुले की भूमिका निभाई है।

लाइफ Style


# रश्मिका

## मील का पत्थर साबित होगी ‘सिकंदर’

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सलमान खान और रश्मिका मंदाना अभिनित फिल्म सिकंदर इस महिने की 30 तारीख को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का प्रमोशन जोरो-शोरो से चल रहा है। फिल्म प्रमोशन के दौरान रश्मिना ने सिकंदर की जमकर तारीफ की।

सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सिकंदर को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में सलमान के साथ पहली बार रश्मिका मंदाना की जोड़ी नजर आएगी, जो प्रशंसकों को बेहद पसंद भी आ रही है। वहीं, फिल्म का प्रमोशन लगातार चल रहा है और इसी बीच रश्मिका ने सलमान की जमकर तारीफ की, जिसे सुनकर भाईजान के फैंस जरूर खुश हो जाएंगे। टॉलीवुड और बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना लगातार लगातार कई हिट फिल्में देती आई हैं, जिसमें रणबीर कपूर के साथ ‘एनिमल’ और अल्लू अर्जुन के साथ ‘पुष्पा 2 द रूल’ शामिल हैं। वहीं अब उन्होंने बॉलीवुड दबंग खान के साथ काम करने के अपने अनुभव को लेकर अपनी एक्साइटमेंट जाहिर की है। रश्मिका मंदाना ने सलमान की तारीफ करते हुए कहा कि उनके साथ फिल्म ‘सिकंदर’ में काम करना, उनके लिए बेहद सम्मान की बात है, क्योंकि वह बॉलीवुड के एक ऐसे अभिनेता हैं, जिन्हें हर कोई पसंद करता है और वह भारतीय सिनेमा में सबसे प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक हैं। साउथ की कई बेहतरीन फिल्मों के बाद अब बॉलीवुड फिल्मों में कदम जमा चुकीं रश्मिका का मानना है कि फिल्म सिकंदर उनके कॅरियर के लिए मील का पत्थर साबित होगी।



## हॉलीवुड मसाला




# ‘द डोनट ब्रदर्स’ पुकारती हैं मालती

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा के पति और सिंगर निक जोनस ने हाल ही में अपनी 3 साल की बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि वह जोनस ब्रदर्स की महानता को समझती हैं कि नहीं। वहीं, सिंगर ने शेयर किया कि मालती उनके ग्रुप को जोनस की जगह डोनट ब्रदर्स पुकारती हैं। निक जोनास ने यह भी बताया कि वह उनके भाई जो जोनास को ‘गो’ कहकर बुलाती हैं। जोनस ब्रदर्स की पॉपुलैरिटी पर बेटी मालती मैरी के रिएक्शन पर बात करते हुए निक जोनस ने कहा, ‘मेरी बेटी एक जागरूक है।



# पत्रकारों और डायरेक्टर्स ने मिलकर बनाई ‘नो अदर लैंड’

**लॉस एंजिल्स।** डॉक्यूमेंट्री ‘नो अदर लैंड’ के लिए, हमदान बल्लाल ने युवल अब्राहम और साथी फिलीस्तीनी फिल्म निर्माता बेसल अद्रा और इजरायली सिनेमेटोग्राफर, एडिटर और डायरेक्टर राहेल सोर के साथ मिलकर काम किया। ‘नो अदर लैंड’ का वर्ल्ड प्रीमियर 2023 बर्लिनले में हुआ था, जहां इसने ऑडियंस अवॉर्ड और बर्लिनले डॉक्यूमेंट्री अवॉर्ड जीता। हालांकि, युवल अब्राहम ने अपने भाषण में इजरायल में ‘रंगभेद की स्थिति’ की आलोचना करने और गाजा में युद्ध विराम का आह्वान किया था, जिस कारण विवाद हो गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, युवल अब्राहम को मौत की धमकियां मिली हैं और उन पर यहूदी विरोधी होने का आरोप लगाया। ‘नो अदर लैंड’ में इजरायली सैनिकों के कब्जे वाले वेस्ट बैंक के मासफर यट्टा में विनाश को दिखाया गया है। डॉक्यूमेंट्री के को-डायरेक्टर बेसल अद्रा ने हमदान बल्लाल को हिरासत में लेकर जाते हुए देखा।



# ‘छोरी-2’ में नजर आया खौफनाक मंजर...

**मुंबई।** साल 2021 में फिल्म ‘छोरी’ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई। इसमें एक सामाजिक कुरीति को भूतों की कहानी के साथ जोड़कर दिखाया गया था। अब इस फिल्म का अगला पार्ट यानी ‘छोरी 2’ भी ओटीटी पर रिलीज होने वाला है। इस फिल्म के हालिया रिलीज टीजर में अभिनेत्री नुसरत भरुचा नजर आ रही हैं। वह पहली फिल्म का भी हिस्सा थीं। ‘छोरी 2’ के टीजर में भी पिछली फिल्म की तरह की हॉरर, ड्रामा नजर आ रहा है। फिल्म ‘छोरी 2’ के टीजर को प्राइमवीडियोइन ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर भी साझा किया है। इसके साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, ‘एक बार फिर, वो खेत, वो खतरा और वो खौफ’। टीजर में भी यही सब बातें नजर आती हैं। नुसरत भरुचा का किरदार अपने आपको एक खेत में खौफनाक परिस्थितियों में घिरा हुआ पाता है।




# ‘रेड-2’ से आया रितेश का पहला लुक...

**मुंबई।** मंगलवार को फिल्म ‘रेड 2’ से रितेश देशमुख का पहला लुक सामने आ गया है, जिसमें वह कई लोगों के बीच नेता की भूमिका में नजर आ रहे हैं। पोस्टर को देखकर लग रहा है कि वह किसी चीज के खिलाफ खड़े होकर नारा लगा रहे हैं। अजय देवगन की फिल्म ‘रेड 2’ की रिलीज की घोषणा के साथ उनका पहला लुक भी सोमवार को जारी किया गया था। आज फिल्म ‘रेड 2’ से रितेश देशमुख का पहला लुक सामने आया है। इस लुक को अजय देवगन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, ‘कानून का मोहताज नहीं, कानून का मालिक है दादा भाई’। अजय के इस कैप्शन से लग रहा है कि रितेश इस फिल्म में दादा भाई की भूमिका में नजर आएंगे। आगे अजय ने लिखा, ‘रेड 2’ आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 1 मई 2025।

## टीवी मसाला



# अभी खत्म नहीं हुआ बाबा निराला और भोपा स्वामी का खेल...

**नई दिल्ली।** बॉबी देओल के लिए फिल्म ‘एनिमल’ से पहले प्रकाश झा की वेब सीरीज ‘आश्रम’ ने उनकी किस्मत बदल दी थी। इस शो में वे काशीपुर वाले बाबा निराला का किरदार निभाते हैं, जो एक दुष्ट बाबा है लेकिन बाहर से संत जैसा दिखता है। अब तक एमएक्स प्लेयर पर इस शो के तीन सीजन आ चुके हैं और लोग चौथे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। चंदन रॉय सान्याल ने आश्रम के सीजन 4 को लेकर जानकारी शेयर की है। चंदन रॉय सान्याल वेब सीरीज में बाबा के खास सहायक भोपा स्वामी का रोल निभाते हैं। चंदन रॉय सान्याल ने अंग्रेजी वेबसाइट बॉलीवुड हंगामा से खास बातचीत में कहा, ‘हर कोई एक ही सवाल पूछ रहा है। मुझे लगता है कि यह इस साल आ जाना चाहिए. तैयारी पूरी है। शूटिंग के कुछ हिस्से बाकी हैं और स्क्रिप्ट पर भी काम चल रहा है।’ उन्होंने यह भी बताया कि जहां भी वे जाते हैं, लोग उन्हें शो की तरह ‘जपनाम’ कहकर बुलाते हैं। चंदन ने कहा, ‘एयरपोर्ट हो या रेस्तरां, बहुत सारे लोग ऐसा कहते हैं। आश्रम’ ऐसी वेब सीरीज है जो हर तरह के दर्शकों तक पहुंची है। चाहे ऑटो-रिक्शा ड्राइवर हो, बस ड्राइवर, सीआरपीएफ गार्ड, एयरपोर्ट का सिक्योरिटी गार्ड, एयर होस्टेस, या मुंबई के नानावटी हॉस्पिटल का बड़ा सर्जन, सभी ‘जपनाम’ कर रहे हैं। प्रकाश जी ने इसे इतने शानदार तरीके से बनाया है कि यह हर जगह पहुंच गया है। आश्रम में आदिति पोहनकर, त्रिधा चौधरी, ईशा गुप्ता, अनुप्रिया गोयनका, दर्शन कुमार जैसे कई कलाकार भी हैं।

## अनोखे अंदाज में कमबैक कर रहा है अनुपमा का वनराज शाह...

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी सीरियल अनुपमा में वनराज का रोल निभाकर घर घर में पहचान बनाने वाले एक्टर सुधांशु पांडे टीवी पर जबरदस्त कमबैक कर रहे हैं। आपको बता दें कि पिछले ही साल सुधांशु ने अनुपमा सीरियल को छोड़कर अपने फैंस को चौंका दिया था। कहा जा रहा है कि सुधांशु इस सीरियल को काफी सालों से कर रहे थे और उनको लग रहा था कि अब सीरियल में उनके लिए कुछ खास नहीं बचा है। ऐसे में अपने कॅरियर को नया मोड़ देने के लिए सुधांशु ने अनुपमा सीरियल को बाय बाय कह दिया था। कई दिनों तक सुधांशु के बारे में कोई खबर नहीं आई, लेकिन अब उनके कमबैक की खबर ने उनके फैंस को उत्साहित कर दिया है। खबर है कि सुधांशु पांडे ने टीवी पर कमबैक करने वाले है और वो जल्द ही टीवी शो वागले की दुनिया में नजर आएंगे. इस शो में उनके किरदार का नाम रॉकी होगा और अपने नाम की तरह की सुधांशु इस सीरियल में रॉकिंग परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार हैं।



# मंच पर फफक कर रो पड़ीं

*मुंबई। नेहा कक्कड़ का मेलबर्न में एक म्यूजिक कॉन्सर्ट था, जहां वह तीन घंटे देरी से पहुंची। वायरल हो रहे वीडियो में दिखता है कि नेहा जैसे ही मंच पर पहुंचतीं हैं, तो फैंस उनका स्वागत करते हैं। यह देख वह अपने आंसू नहीं रोक सकीं और रो पड़ीं। साथ ही गायिका ने दर्शकों को कहा कि आप सभी बहुत प्यारे हैं। इतनी देर से आप उनका इंतजार कर रहे हैं। नेहा ने कहा कि आजतक उन्होंने किसी को इंतजार नहीं करवाया, क्योंकि उन्हें इससे नफरत है। उन्होंने इसके लिए क्षमा मांगते हुए कहा कि वह इस शाम को कभी नहीं भूलेंगी। वायरल हो रहे इस वीडियो में कुछ फैंस को गायिका के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते सुना जा सकता है। शो में देरी से आने पर एक फैंस ने कहा कि यह भारत नहीं हैं, आप ऑस्ट्रेलिया में हैं। वहीं, दूसरे फैंस ने चिल्लाया कि वापस जाओ, अपने होटल में आराम करो। इसी पर एक अन्य फैंस ने कहा कि यह इंडियन ऑयडल नहीं हैं, जहां आप बच्चों के साथ परफॉर्म कर रही हैं। इस कॉन्सर्ट से जुड़ी तस्वीरों को नेहा कक्कड़ ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। पोस्ट के कैप्शन में गायिका ने लिखा कि धन्यवाद सिडनी और मेलबर्न की रात को शानदार बताया। गायिका ने संगीत जगत में अपने कई गानों से एक खास पहचान बनाई है, जिसमें ‘लंदन ठुमकदा’, ‘कर गई चुल’, ‘काला चश्मा’, और ‘आंख मारे जैसे गाने शामिल हैं।*



# इस साल रिलीज होंगे कई सीक्वल एक में हैं 15 से ज्यादा एक्टर्स...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी फ्रेंचाइजी हैं जिनकी फिल्मों के सीक्वल का लोगों को इंतजार रहता है। इस साल दर्शकों को कई बड़ी फिल्मों के सीक्वल देखने को मिलेंगे, क्योंकि आगामी महीनों में अजय देवगन से लेकर अक्षय कुमार और ऋतिक रोशन जैसे बड़े स्टार्स अपनी फिल्मों के सीक्वल लेकर आ रहे हैं। हाल ही में केसरी चैप्टर 2 का टीजर जारी किया गया है। इस फिल्म में जलियावाला बाग में हुई घटना और गोलीबारी को दिखाया जाएगा। केसरी के अलावा भी इस साल कई और फिल्मों के सीक्वल और फ्रेंचाइजी की अगली कड़ी आने वाली है।

**रेड 2** : 2018 में आई अजय देवगन की फिल्म ‘रेड’1980 में उत्तर प्रदेश में एक बाहुबली के घर पर हुई छापेमारी की असली कहानी पर आधारित थी। अब ‘रेड’ के लगभग 7 साल बाद मेकर्स ‘रेड 2’ लेकर आ रहे हैं। फिल्म की घोषणा काफी पहले ही कर दी गई थी, जिसके बाद से ही दर्शक इस फिल्म के लिए उत्साहित थे। अब कल फिल्म की नई रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। ‘रेड 2’ 1 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म में एक बार फिर अजय देवगन इनकम टैक्स ऑफिसर अमय पटनायक की भूमिका में दिखाई देंगे।

**हाउसफुल 5** : साजिद नाडियाडवाला और अक्षय कुमार की हाउसफुल फ्रेंचाइजी की अगली कड़ी ‘हाउसफुल 5’ इस बार 6 जून को दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है। इससे पहले इस फ्रेंचाइजी की चार फिल्में रिलीज हो चुकी हैं, जिनमें जबरदस्त कॉमेडी देखने को मिली थी ऐसे में फिल्म की पांचवीं कड़ी से भी लोगों को वैसी ही कॉमेडी की उम्मीद है। इस फिल्म में हाउसफुल के बाकी भागों की तरह एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आने वाली है। जिसमें अक्षय कुमार और रितेश देशमुख के अलावा, अभिषेक बच्चन, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े, डिनो मोरिया, जैकलीन फर्नांडीज, चित्रांगदा सिंह, नरगिस फाकरी और चंकी पांडे समेत कई सितारे शामिल हैं।



**वॉर 2** : यशराज के स्पाई यूनिवर्स की अगली कड़ी ‘वॉर 2’ इस साल 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। यह फिल्म 2019 में आई ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर स्टारर ‘वॉर’ की अगली कड़ी है। इस बार भी फिल्म में ऋतिक रोशन मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। उनके साथ जूनियर एनटीआर इस बार दो-दो हाथ करते दिखेंगे। इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन और एडवेंचर देखने को मिल सकता है। दर्शक फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

**दे दे प्यार दे 2** : अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह और तब्बू की फिल्म ‘दे दे प्यार दे’साल 2019 में रिलीज हुई थी। एक शादीशुदा और दो बच्चों के पिता के एक युवा लड़की के प्यार में पड़ने और फिर अपनी पत्नी और बच्चों से उसे मिलवाने की कहानी, इस कॉमेडी ड्रामा को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इस फिल्म का अगला भाग ‘दे दे प्यार दे 2’ इस साल 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाला है। फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा मेकर्स ने पिछले साल ही कर दी थी। ‘दे दे प्यार दे 2’ में अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह के साथ आर माधवन भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

## शूटिंग शुरू होने के बाद भी हो रही थी उन्हें बाहर करने की चर्चा

# गब्बर के रोल के लिए पहली पसंद नहीं थे अमजद खान

*आप सबको पता ही होगा की फिल्म में गब्बर का किरदार अमजद खान ने निभाया था, लेकिन क्या आपको ये पता है की गब्बर रोल के लिए अमजद खान फिल्म निर्माता की पहली पसंद नहीं थे। यहां तक की शूटिंग के दो दिन बाद अमजद खान को फिल्म से निकालने की बाते भी चलने लगीं थी। लेकिन अमजद खान ने भी अपनी एक्टिंग से सबको दिखा दिया था की उनसे बेहतर गब्बर बॉलीवुड में दूसरा नहीं होगा। आखिर फिल्म डायरेक्टर रमेश सिप्पी किस एक्टर को गब्बर किरदार में लेने की सोच रहे थे।*

**नई दिल्ली।** जब भी बॉलीवुड में खतरनाक विलेन्स की बात होती है तो गब्बर का नाम लिस्ट में सबसे पहला नजर आता है। लेकिन आपको ये शायद ही पता होगा की गब्बर के किरदार के लिए फिल्म निर्देशक की पहली पसंद अमजद खान नहीं, बल्कि कोई और एक्टर थे। साल 1975 की कल्ट क्लासिक फिल्म शोले...जिसका नाम सामने आते ही जय-वीरू की जोड़ी तो याद आती ही है। साथ ही गब्बर के एवरग्रीन डायलाग कानों में गूंजने लगते हैं। गूंजें भी क्यों ना आखिर शोले में गब्बर का किरदार था ही इतना पावरफुल था जिसे कोई भी देखे तो जिंदगी भर ना भूल पाए।



### डैनी डेन्जोंग्पा का एक्टिंग कॅरियर

सिक्किम के रहने वाले डैनी डेन्जोंग्पा ने फिल्मों में ज्यादातर विलेन किरदार निभाकर सिनेमा में अपनी पहचान बनाई। डैनी ने बॉलीवुड में अपना करियर साल 1971 की फिल्म जरूरत में छोटे रोल से किया, जो 1972 में रिलीज हुई थी। डैनी साल 1973 की फिल्म धुंध में पहली बार नेगेटिव रोल में नजर आए। दो रंग (1979), अंदर बाहर (1984), आंधी तूफान (1986), भगवान दादा (1986), अग्निपथ (1990), हम (1992), क्रांतिवीर (1994), घातक (1996) और पुकार (2000) डैनी डेन्जोंगपा की यादगार फिल्मों में से एक हैं। इसके अलावा एक्टर आखरी बार साल 2022 की फिल्म ऊंचाई में नजर आए। डैनी साल 1992 की फिल्म ‘सनम बेवफा’ और साल 1993 की फिल्म खुदा गवाह के लिए फिल्मफेयर बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर अवार्ड जीते।

### ये बैड मैन थे डायरेक्टर की पहली पसंद

फिल्म मेकर रमेश सिप्पी डैनी डेन्जोंग्पा को बतौर गब्बर फिल्म में साइन करना चाहते थे, लेकिन डैनी डेन्जोंग्पा ने धर्मात्मा फिल्म में अपने पॉजिटिव रोल के लिए शोले ठुकरा दी थी और शोले रिलीज होने के बाद डैनी ने बताया कि उन्हें इस फैसले पर कोई अफसोस नहीं है। क्योंकि, कोई भी लेजेंडरी विलेन का रोल अमजद खान से बेहतर नहीं कर सकता था।

**खबर संक्षेप**

### 30 को स्वामी विवेकानंद खेल क्लब अटेली करवाएगा खेल प्रतियोगिता

**मंडी अटेली।** स्वामी विवेकानंद खेल क्लब अटेली के द्वारा 30 मार्च को मॉडल संस्कृति स्कूल के खेल मैदान में खेल प्रतियोगिताएं करवाई जाएगी, जिसमें कुश्ती, कबड्डी, एथलेटिक्स के खेल करवाए जाएंगे। इन सभी प्रतियोगिता में 18 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। कबड्डी अंडर 15 आयु वर्ग 51 किलोग्राम भार की होगी। कुश्ती अंडर 15 आयु वर्ग की होगी। एथलेटिक्स खेलों में अंडर 10, 12, 15, 18 आयु वर्ग होंगे, जिसमें लड़के व लड़कियां दोनों भाग ले सकेंगे। अंडर 10 आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ और लंबी कूद, अंडर 12 आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ और लंबी कूद, अंडर 15 आयु वर्ग में 100, 400 मीटर दौड़ और लंबी कूद, अंडर 18 आयु वर्ग में 100, 400, 1500 मीटर, वहीं लड़कियों की 800 मीटर दौड़ और लंबी कूद, शॉटपुट अंडर 18 आयु वर्ग में करवाया जाएगा। विजेता खिलाड़ियों को आकर्षक ईनाम व सम्मान दिया जाएगा। प्रतियोगिता सुबह 8 बजे प्रारम्भ की जाएगी। क्लब के प्रधान रामनिवास

## एक दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

# पेयजल व्यवस्था की नई संचालन नीति को अपनाएं ग्राम पंचायतें: मंगतुराम सरसवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के कार्यक्रम के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन टीम की ओर से जिला सलाहकार मंगतु राम सरसवा की अध्यक्षता में मंगलवार पेयजल व्यवस्था के संचालन एवं रखरखाव के लिए नांगल चौधरी के बैजनाथ राजकीय महिला महाविद्यालय में पीआरआई सदस्यों व ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्यों के लिए एक दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्या अनिता मौजूद थी।

मुख्यातिथि अनिता ने कहा कि पानी बचाने की यह आदत हमारे दैनिक कार्यों में शामिल हो ताकि डार्क जोन इस क्षेत्र में पानी की बूंदों को बहने से रोका जा सके। उन्होंने पेयजल व्यवस्था के रखरखाव व संचालन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हमारे शास्त्रों में भी जल को देवता माना है। जल हमें जीवन देता है। हमें अपने जीवन को बचाना है ताकि आने वाली पीढी को हमें जल के रूप में तोहफा दे सकें।



**नारनौल।** कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागीयों को सम्मानित करते हुए विभागीय अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**ग्राम पंचायतें करें पूर्ण सहयोग**

कार्यक्रम के अंत में बीआरसी निशू ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन की इस मुहिम में ग्राम पंचायतें पूर्ण सहयोग करें। कार्यक्रम में मंच संचालन बीआरसी मोहित कुमार ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी को पेयजल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस मौके सभी ग्राम पंचायतों से पंच, ग्राम सचिव, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं व नलकूप चालक उपस्थित थे।

**1 अप्रैल से शामिल होंगी एकल ग्राम योजना**

कार्यशाला में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने कहा कि ग्रामोत्थान के लिए सबसे पहले हमें जल की प्रत्येक बूंद को सहेज कर रखना है। व्यर्थ में बह रहे पानी को रोकना जरूरी है। उन्होंने सरकार द्वारा जारी सरकारी जन भागीदारी के तहत पेयजल व्यवस्था के संचालन एवं रखरखाव की नई नीति 2025 का जिक्र करते हुए कहा कि इस नीति के तहत अब ग्राम पंचायतें पेयजल व्यवस्था करने में और अधिक सशक्त होने जा रही हैं। एकल ग्राम योजना में शामिल ग्राम पंचायतें 1 अप्रैल 2025 से इस नीति में शामिल होंगी व बहु ग्राम योजना में शामिल ग्राम पंचायतों को 1 अप्रैल, 2026 को इस योजना में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस नीति के तहत ग्राम पंचायत सरपंच ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के तहत अपने गांव में पेयजल पाइपलाइन की व्यवस्था करने के साथ-साथ हर घर को स्वच्छ पेयजल मिले ये सुविधा कर सकती है। इसके लिए हरियाणा सरकार द्वारा बाकायदा उन्हें धनराशि सीधे उनके खाते में उपलब्ध करवाएगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायते अब पेयजल कनैक्शन के सरकार द्वारा निर्धारित मासिक राशि 40 रुपये उपभोक्ताओं के लिए व 20 रुपये अनुसूचित जाति के उपभोक्ताओं से लेना भी शुरू करें ताकि ग्राम पंचायत में राजस्व में बढौतरी हो व वे उस राशि से गांव की पेयजल व्यवस्था का भी संचालन ठीक से कर सकें। उन्होंने बताया कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अब सरकार 10 प्रतिशत राशि स्वयं सहायता समूह की चयनित महिला को देगी जो जल जीवन मिशन के तहत बिल एकत्रित, नया कनेक्शन प्रदान करने व पेयजल की सुचारू जांच करने के लिए काम करेगी। जल जीवन मिशन के तहत गांवों में नल जल मित्र के रूप में कार्य कर रहे नलकूप चालकों से कहा कि पेयजल सप्लाई का समय निर्धारित करते हुए लॉग बुक लगवाएं ताकि जमीन से लगातार हो रहे पानी के दोहन को कम किया जा सके। हर नल पर वॉल या टूंटी लगवाएं ताकि पानी की हर बूंद को बहने से बचाया जा सके।


**नारनौल।** स्कॉलरशिप परीक्षा देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## द वेदांता इंटर नेशनल स्कूल में स्कॉलर हंट कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

वेदांता इंटर नेशनल स्कूल में स्कॉलर हंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रवृत्ति सह प्रवेश परीक्षा के माध्यम से मेधावी छात्र व छात्राओं के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत के दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद ऑडिटोरियम में विभिन्न प्रस्तुतियों हुई। जिसमें नृत्य गायन कलात्मक प्रस्तुति का प्रदर्शन किया गया। विद्यालय की प्राचार्य नूपुर शर्मा ने वेदांत शब्द के गहरे अर्थ को समझाया।

चेयरमैन विनोद कुमार यादव ने विद्यालय के विजन को साझा करते हुए कहा कि वेदांता इंटर नेशनल स्कूल एक स्कूल विद डिफरेंस के रूप में शिक्षा के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने विद्यालय को सिर्फ शिक्षा तक सीमित नहीं बल्कि नैतिक मूल्य और ज्ञान के प्रकाश को आगे बढ़ने का माध्यम बताया। उन्होंने शिक्षा को नए और आधुनिक दृष्टिकोण से प्रदान करते हुए बच्चों को उनकी क्षमता के अनुसार सर्वश्रेष्ठ शिक्षा देना तथा उन्हें समाज के लिए योग्य नागरिक बनाने की बात कही।

उन्होंने विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं जैसे डिजिटल क्लासरूम ई क्लास रूम इंडोर और आउटडोर गेम्स शूंटिंग, स्विमिंग व मॉडर्न इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में बताया। कार्यक्रम में छात्रों व अभिभावकों की भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में कुल 1654 छात्रों में 649 अभिभावकों ने भाग लिया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

25 मार्च।राजकीय महाविद्यालय कृष्ण नगर की ओर से चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आज समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर महाविद्यालय प्राचार्य अजीत सिंह मौजूद थे।

महाविद्यालय प्राचार्य अजीत सिंह ने सभी स्वयंसेवकों तथा इकाई प्रथम तथा द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी सोमदत्त तथा निर्मला देवी को सफल शिविर के आयोजन के लिए बधाई दी। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम में सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक सचिन कक्षा बीए प्रथम वर्ष रहा तथा इकाई द्वितीय में सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका अंकिता बीएससी तृतीय वर्ष रही। इसी अवसर पर शिविर में आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी स्वयंसेवकों को भी सम्मानित किया। इसके साथ ही मुस्कान को अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस से नवाजा गया।

कार्यक्रम अधिकारी निर्मला ने समापन समारोह कार्यक्रम में सप्ताह भर चले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इस शिविर में पर्यावरण संरक्षण, जल बचाओ, साइबर क्राइम, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति, डिजिटल साक्षरता, राष्ट्र निर्माण में युवाओं का योगदान आदि विषयों पर विस्तृत व्याख्यान करवाए गए। कार्यक्रम अधिकारी सोमदत्त ने बताया कि सप्ताह भर चले इस शिविर में सभी स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा जो भी कार्य उनको सौंपा गया उसे बड़ी लग्न से जिम्मेदारी पूर्वक पूरा किया।


नारनौल। शिविर में उपस्थित स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि


**महेंद्रगढ़।** सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

## इंडस वैली पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**महेंद्रगढ़।** इंडस वैली पब्लिक स्कूल दौंगड़ा अहीर का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। यह परीक्षा परिणाम काफी उत्कृष्ट रहा। संस्था प्राचार्य जयवीर सिंह यादव ने सभी बच्चों, अध्यापकों एवं अभिभावकों को शुभकामना दी। चेयरमेन धर्मेंद्र यादव ने सभी अभिभावकों का स्कूल प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्राचार्य ने सभी कक्षाओं के परिणामों की घोषणा करते हुए बताया कि सभी कक्षाओं एवं बच्चों का परीक्षा परिणाम काफी सराहनीय रहा है। हालांकि सभी बच्चे पोजिशन को प्राप्त नहीं कर पाते हैं, उसके पीछे कोई न कोई कारण अवश्य रहता है। वस्तुतः सभी बच्चों का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा है। चेयरमैन ने बताया कि आगे चलकर हम कम्पीटिशन की भावना में रहकर दिन-रात मेहनत करें और इसके साथ शंका समाधान को ढुंढकर उन्हें अपने अध्यापकों से जरूर हल करवाएं। इस अवसर पर वाइस चेयरमेन विजय सिंह यादव, निदेशक केसी यादव, उपप्राचार्य वीर सिंह यादव, अध्यापक व अभिभावक मौजूद रहे।

## रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की हुई बैठक

- त्रि-वार्षिक चुनाव महेंद्रगढ़ में करवाने के लिए व्यवस्था बनाने की रूपरेखा तैयार की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की एक विशेष बैठक का आयोजन यादव धर्मशाला में जिला प्रधान महेंद्र सिंह यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रांतीय अध्यक्ष बाबूलाल यादव ने संगठन के त्रि-वार्षिक चुनाव महेंद्रगढ़ में करवाने के लिए व्यवस्था बनाने की रूपरेखा तैयार की गई, जिसमें संगठन के सदस्यों की ड्यूटी लगाई गई। प्रदेश भर से रिटायर्ड डेली गेट 30 मार्च को चुनाव वाले दिन यादव धर्मशाला में पहुंचेंगे, जिनके मान सम्मान करने के लिए ड्यूटी निर्धारित की गई। इस त्रि-वार्षिक चुनाव सर्वसम्मति से करवाने एवं यादव धर्मशाला की मौजूदा टीम अध्यक्ष डॉ. अभयराम, महासचिव रोहताश कैशियर, जगदीश मौजूद रहे तथा हर तरह का सहयोग करने की बात कही। बैठक में प्रदेश सलाहकार जयपाल यादव एवं उपप्रधान बाबूलाल यादव ने अपने संबोधन में त्रि-वार्षिक चुनाव सर्वसम्मति एवं शांति पूर्ण करवाने एवं चुनाव बाद संगठन की लंबित मांगे कैशलेस मेडिकल 65, 70, 75 वर्ष उपरांत 5, 10, 15 वेतन बढ़ोतरी, कंप्यूनेट की राशि भी रिटायर 15 वर्ष की बजाय 12 वर्ष करना, मेडिकल भत्ता 1000 से बढ़कर 3000 करना, फैमिली पेंशन को एलटीसी सुविधा देना सहित अनेक मांगों पर सरकार से बातचीत के माध्यम से हल करवाने का प्रयास किया जाएगा। सरकार का हल्का रवैया रहने पर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। बैठक में तहसील महेंद्रगढ़, नारनौल, कनीना, अटेली, नांगल चौधरी से वरिष्ठ पदाधिकारी सूरजभान, नित्यानंद, बहादुर सिंह थानेदार, लालाराम, वीर सिंह, विक्रम सिंह, लक्ष्मण, रोहताश, भाग सिंह थानेदार, दरिया सिंह, सुरेश सोनी, वीरभान, कंवर सिंह, घनश्याम, रामानंद, रंगराव, यादराम, राम किशन, दयाराम सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।


**महेंद्रगढ़।** यादव धर्मशाला में बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि


**नारनौल।** स्कूल में बच्चों को प्रवेश देते प्राचार्य। फोटो : हरिभूमि

## मुंडिया खेड़ा स्कूल में दानदाताओं से करवाई प्रवेश उत्सव की शुरुआत

**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुंडिया खेड़ा के स्कूल प्रांगण में नए बच्चों का दाखिला दानदाताओं के हाथों से करवाया गया। दानदाता कुलदीप व हरदीप पुत्रान सुरेश चंद, दोनों ने रितिक पुत्र हरदीप सिंह की तृतीय पुण्य तिथि पर बच्चों को कॉपी पेन, पठन सामग्री वितरित की। कार्यकारी प्राचार्य राजपाल बड़कोदिया ने इस कार्य के लिए दानदाताओं की भूरि–भूरि प्रशंसा की और उनका धन्यवाद किया। प्राचार्य बड़कोदिया ने बताया कि हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा 23 मार्च से 30 मार्च तक प्रवेश उत्सव घोषित कर रखा है, जिसके तहत घर–घर जाकर स्कूल में अधिक से अधिक नामांकन व दाखिले की पहचान की जा रही है तथा दो अप्रैल को प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा। दोनों दानदाताओं ने अधिक से अधिक नामांकन करवाने में सहायता करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सेदूराम प्रवक्ता गणित, निशा प्रवक्ता अंग्रेजी, वनिता प्रवक्ता संस्कृत, मुकेश डीपीई, कृष्ण कुमार सामाजिक अध्यापक, अक्षिता विज्ञान अध्यापिका तथा सरिता स्पेशल अध्यापिका खंड कनीना आदि उपस्थित रहे।

# पीएमश्री गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने निकाली प्रवेश उत्सव रैली, अभिभावकों को परीक्षा परिणाम का दिया संदेश

- स्कूल स्टॉफ ने छात्राओं को पक्षियों के लिए घरों की छत पर पानी के सकोरे रखने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

पीएम श्री गर्ल्स सीनियर सकेंडरी में प्राचार्य डॉ दिनेश कुमार की अध्यक्षता में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया है। छात्राओं की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिन्होंने शहर के विभिन्न वार्डों में जाकर अभिभावकों को स्कूल के बेहतर रहे परीक्षा परिणाम से अवगत कराया। इस दौरान स्कूल स्टॉफ ने छात्राओं को पक्षियों के लिए घरों की छत पर पानी के सकोरे रखने के लिए प्रेरित किया है।

उन्होंने बताया कि सरकार ने ग्रामीण परिवेश में शिक्षा का स्तर बढ़ाने के लिए पीएम श्री विद्यालय व मॉडल संस्कृति स्कूल स्वीकृत करने की मुहिम चलाई है। नांगल चौधरी ब्लॉक की एकमात्र पीएम श्री सीनियर सकेंडरी स्कूल का परिणाम बीते कई सालों से सहरानीय रहता है। बीते साल स्कूल की एक छात्रा ने 500 में से 496 अंक लेकर जिला टॉपर किया था। अबकी बार शिक्षण व्यवस्था को दुरुस्त करने के मकसद से विभाग ने यंग राइटर एडिटोरियल क्लब का गठन किया है, जिसमें छात्राओं को पढ़ाई के साथ रोजगारमुखी तैयारी करने में मदद मिलेगी। कंप्यूटर व ब्यूटीशियन कोर्स भी स्कूल में संचालित किया गया है ताकि छात्राओं को स्वरोजगार स्थापित करने में मदद मिले। एक अप्रैल को नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया जाएगा। दाखिला लेने वाली छात्राओं को मूलभूत एवं आधुनिक सुविधाएं निशुल्क मिलेंगी। इस मौके पर सीनियर प्रवक्ता रघबीर पटेल, शीशराम जिंदड़, गरिमा, सुजीत लाठर, अशोक यादव डीपी, अशोक यादव हिंदी प्रवक्ता, सुदेश, सुरेंद्र कुमार, जसवंत कुमार, अभय सिंह मौजूद रहे हैं।


**नांगल चौधरी।** शहर में प्रवेश उत्सव रैली निकालती हुई पीएम श्री गर्ल्स स्कूल की छात्रा। फोटो : हरिभूमि


**महेंद्रगढ़।** प्रतियोगिता में भाग ले विधार्थी। फोटो : हरिभूमि

## यदुवंशी शिक्षा निकेतन में शिक्षा और संस्कृति का अनूठा संगम

**महेंद्रगढ़।** आज के आधुनिक दौर में नृत्य केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि शिक्षा और संस्कृति के प्रचार-प्रसार का भी एक सशक्त जरिया बन गया है। इसी कड़ी में बुक डांस एक नई और अनूठी पहल है, जिसमें यदुवंशी के कक्षा पहली से पांचवी तक विद्यार्थियों ने बुक डांस द्वारा शिक्षा और पुस्तकों के महत्व को उजागर किया। प्राचार्य पवन कुमार ने बताया कि इस नृत्य प्रस्तुति में छात्रों ने किताबों को अपने सिर पर संतुलित रखते हुए नृत्य किया और शिक्षा के महत्व को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य था कि विद्यार्थी पुस्तकों को केवल पढ़ाई तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि पुस्तक ज्ञान का भंडार है और इस तरह के कार्यक्रम शिक्षा को रूचिकर और प्रेरणादायक बनाते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों को शुभकामना दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र सिंह, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

**आक्रोश** मंगलवार को छाजुपुरम कॉलोनी में बंदरों ने महिला को काटकर किया घायल

# बंदरों का आतंक, लोगों ने घरों की छतों पर जाना किया बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर की हर कॉलोनी में बंदरों के आतंक की वजह से लोगों की जान पर बन आई है। ऐसा कोई दिन नहीं जा रहा, जिस दिन बंदर किसी को घायल करते हो। ये इतना घातक हमला कर रहे हैं कि लोगों का हफ्तों तक ईलाज हो रहा हैं। मंगलवार को भी छाजूपुरम कॉलोनी निवासी महिला पवित्रा यादव को बंदर ने काटकर घायल कर दिया।

छाजूपुरम कॉलोनी में तो बंदरों ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। बच्चे घर से बाहर निकलने में घबराने लगे हैं। अब हालात यह है कि बंदर घर के अंदर तक घुसकर हमला बोल रहे हैं। इसके बावजूद नगर पालिका और प्रशासन के अधिकारी इस समस्या का समाधान करने की जहमत नहीं उठा रहे हैं। छाजूपुराम कॉलोनी के लोग सबसे ज्यादा बंदरों से परेशान हैं। मंगलवार को भी कॉलोनी निवासी महिला पवित्रा यादव को बंदर ने काट लिया। महिला कपड़े सुखाने छत पर गई थी।

महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि बंदरों ने कॉलोनी में सैकड़ों की संख्या में बंदर इक्ट्ठा हो जाते हैं। सुबह होते ही बंदरों घरों में जाना शुरू कर देते हैं। बंदर के काटने से रैबीज की आशंका रहती है। इसलिए इसका ईलाज भी कुत्ते के काटने जैसा ही होता है। जानलेवा संक्रमण तक हो सकता है। बंदरों के झुंड से अनेक बार बच्चे बुजुर्ग बुरी तरह घायल हो रहे हैं।

कॉलोनी निवासी रामकिशन एडवोकेट, सरपंच प्रतिनिधि हंसराज, सतीश एडवोकेट, अनिल कुमार, रामनिवास फौजी, महेंद्र महायच, पूर्व सूबेदार सुरेश, पूर्व बैंक मैनेजर उदय सिंह, पूर्व बैंक मैनेजर रवि कुमार, उमेद सिंह, रणबीर एडवोकेट ने बताया कि वार्ड नंबर-एक की छाजूपुरम कॉलोनी में बंदरों ने आतंक मचा रखा है। बंदरों के कारण अनेक लोग घायल हो चुके हैं, लेकिन बंदरों से निजात दिलाने के लिए संबंधित विभाग की ओर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं घायल महिला पवित्रा यादव ने बताया कि बंदरों के कारण घरों में बहुत सा नुकसान हो रहा है। बंदर घरों की छत पर सूखने वाले कपड़ों को उठाकर ले जाते हैं, जो मानसिक परेशानी के साथ आर्थिक नुकसान बढ़ा देते हैं। महिला ने बताया कि बंदरों के डर से बच्चों को छतों पर अकेले नहीं छोड़ा जा सकता।


**महेंद्रगढ़।** बंदर के आतंक के बारे में जानकारी देते कॉलोनीवासी। फोटो : हरिभूमि

**बंदरों से जल्द दिलवाएंगे मुक्ति**

बंदरों के आतंक से शहरवासियों को जल्द ही मुक्ति दिलाई जाएगी। आगामी बैठक में बंदर को पकड़वाने का प्रस्ताव लाया जाएगा। ठेकेदार के माध्यम से बंदरों को पकड़ने का काम शुरू करवाया जाएगा।

**-रमेश सैनी,** नगर पालिका प्रधान, महेंद्रगढ़


**नारनौल।** विद्यालय प्रबन्धन समिति की बैठक लेते नगराधीश मंजीत कुमार।

## विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

**नारनौल।** नगराधीश मंजीत कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा में विद्यालय प्रबन्धन समिति की बैठक आयोजित हुई। नगराधीश ने विद्यालय के प्रबन्धन और विकास से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।प्राचार्य राजीव कुमार सक्सेना ने विद्यालय में चल रही स्वतंत्र फीडर लगवाने के लिए, छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए विद्यालय की चारदीवारी की उंचाई बढ़वाकर कांटेदार तार लगवाने, विद्यालय मुख्य द्वार से भड़फ मोड़ तक लगभग 300 से 400 मीटर की सड़क का निर्माण करवाने, मच्छरों एवं बीमारियों से बचाव के लिए फॉगिंग करवाने की व्यवस्था, विद्यालय के पार्क में घास लगवाना, विद्यालय में सत्र 2025-26 से एनएसएस व एसपीसी यूनिट शुरू करना जैसे बिन्दुओं को विद्यालय प्रबन्धन समिति के समक्ष रखा। विद्यालय प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष नगराधीश मंजीत कुमार ने सभी बिन्दुओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय व्यवस्था में जहां भी मेरे सहयोग की आवश्यकता है तुरन्त प्रभाव से मेरे संज्ञान में लाया जाए ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। इस अवसर पर उप प्राचार्य धर्मेंद्र आर्य, सुदेश कुमारी, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. रेणु वर्मा, कनीना खण्ड शिक्षा अधिकारी डा. विश्वेश्वर कौशिक, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करीरा प्राचार्य रामस्वरूप, पीडब्ल्यूडी कार्यकारी अभियन्ता अश्विनी कुमार, करीरा सरपंच सपना यादव के अलावा बच्चों के अभिभावक मौजूद थे।

## चांदुवाड़ा में चौथे दिन सुनाई सूर्यवंश की कथा

**नारनौल।** मोहल्ला चांदुवाड़ा रामलीला मैदान में चल रही कथा के चतुर्थ दिवस कथा व्यास पंडित नवीन कौशिक ने सूर्यवंश की कथा सुनाई। महाराज अम्बरीश सम्राट होते हुए भी भगवान की सेवा स्वयं अपने हाथों से करते थे। मंदिर में झाड़ू लगाते, भगवान के लिए भोजन बनाते, भगवान को भोग लगाते, अनेक दास दासी होते हुए भी भगवान का कार्य स्वयं अपने हाथों से करते, एकादशी का व्रत करते और रात्रि को भगवान नाम का संकीर्तन करते। सभी व्रत में श्रेष्ठ एकादशी व्रत है, भगवान प्रसन्न हो जाते हैं। सूर्यवंश में आगे चलकर महाराज दशरथ और दशरथ के घर साक्षात भगवान राम आए।

**सार्वजनिक सूचना**

मै प्यारेलाल पुत्र कन्ही राम वासी गांव सागरपुर तहसील अटेली जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सुन्दर सिंह पहले मेरे कहने सुनने से बाहर था। जिस कारण मैने उसे बेदखल कर दिया था। अब उसने अपनी आदत में सुधार कर लिया है। अब वह सही से रहता है। इसलिए मै उसको अपने परिवार में शामिल कर रहा हूं। अब से उसका मेरी संपत्ति में भी बराबर का हिस्सा रहेगा।

## खबर संक्षेप



कनीना। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से मुलाकात करते सेवा भारती के पदाधिकारी।

### कनीना अस्पताल को अपग्रेड करने की मांग

**कनीना।** सेवा भारती के पदाधिकारियों ने मंगलवार को चंडीगढ़ में प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से मुलाकात कर उप नागरिक अस्पताल कनीना को एफआरयू का दर्जा देने तथा अपग्रेड कर 100 बैड स्थापित करने की मांग की। कोसली के विधायक अनिल यादव की उपस्थिति में स्वास्थ्य मंत्री ने उनकी मांग को सहानुभूतिपूर्वक सुना और जल्द ही इस दिशा में कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि हरियाणा में छह अस्पताल एफआरयू के लिए प्रस्तावित हैं जिनमें कनीना भी शामिल है। इस मौके पर सुरेश शर्मा, योगेश अग्रवाल, जगदीश गुप्ता उपस्थित थे।



महेंद्रगढ़। मोनिका मेहरा को पौधा भेंटकर सम्मानित करते हुए।

### एडवोकेट मोनिका मेहरा ने उत्तीर्ण की परीक्षा

**महेंद्रगढ़।** पुलिस लाइन में रह रहे महावीर चौकी इंचार्ज रवि कुमार की पत्नी एडवोकेट मोनिका मेहरा ने अपने प्रथम प्रयास में ही ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन का एग्जाम उत्तीर्ण कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि पर जिले के पूर्व उपायुक्त डॉ. जयकृष्ण आभीर आइएएस के मार्गदर्शन में मंगलवार को ममाज टीम ने उनके निवास पर एडवोकेट मोनिका व उनके पूरे परिवार को हरियाली का प्रतीक पौधा भेंट करके सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### समस्याओं का त्वरित समाधान करें अधिकारी

**महेंद्रगढ़।** डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार आयोजित हो रहे समाधान शिविर आम नागरिकों और प्रशासन के बीच एक सेतु का काम कर रहे हैं, जो लोगों की समस्याओं को त्वरित और प्रभावी ढंग से हल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए सभी विभागों के अधिकारी नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें। शिविर में 47 समस्याएं सुनी गई। संबंधित अधिकारियों सभी शिकायतों पर तुरंत गंभीरता से कार्रवाई करते हुए समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# प्रगतिशील किसान योगेंद्र की मशरूम की साइट पर पहुंचे डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सरकारी योजनाओं का फायदा उठाकर लाखों कमा रहे प्रगतिशील किसान

11वें मेगा सब्जी एक्सपो-2025 में सीएम ने दिया था प्रथम पुरस्कार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के हाथों से सम्मानित होकर लौटे प्रगतिशील किसान योगेंद्र कुमार की मशरूम की साइट देखने उपायुक्त डॉ विवेक भारती आज खुद गांव खायरा पहुंचे। गौरतलब है कि हाल ही में करनाल के सब्जी उत्कृष्टता केंद्र घरौंडा में संपन्न हुए 11वें मेगा सब्जी एक्सपो-2025 में मशरूम की खेती में गांव खायरा के योगेंद्र कुमार को मशरूम की खेती में राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार मिला था। इसी उपलक्ष में मंगलवार डीसी ने मशरूम की साइट पर जाकर किसान की हौसला अफजाई की। इसके अलावा बागवानी प्रसंस्करण में प्रथम पुरस्कार के लिए बनारसी देवी को एवं सब्जी उत्पादन में जिला स्तरीय प्रथम पुरस्कार के लिए धर्मपाल को व सुरेहती जाखल के किसान बलबीर सिंह को द्वितीय पुरस्कार के लिए बधाई दी। उन्होंने सभी सम्मानित किसानों को बागवानी की नई-नई तकनीकी अपनाने के लिए प्रेरित किया व बागवानी फसलों के बारे में जानकारी ली। किसान योगेंद्र ने बताया कि पहले वह पारंपरिक फसलें लगाता था उसके बाद कुछ क्षेत्र में सब्जी की कास्त बिना तकनीक के करता था इससे कम आय होती थी। बाद में उन्होंने बागवानी विभाग के संपर्क में आने उपरांत वह विभिन्न संस्थाओं में प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण के बाद रुझान बागवानी फसलों की तरफ बढ़ा और नवीनतम तकनीक अपनाकर बटन मशरूम की खेती करना शुरू किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं का उन्हें बहुत फायदा मिला है।



नारनौल। मशरूम की खेती के बारे में जानकारी लेते डीसी डॉ विवेक भारती।

#### अन्य किसानों को मिलेगी प्रेरणा

इस मौके पर जिला उद्यान अधिकारी डॉ प्रेम कुमार ने बताया कि जिला में सब्जियां, फल, मशरूम तथा मधुमक्खी पालन की और किसानों का रुझान बढ़ता जा रहा है। भविष्य में जिला के किसान और भी ज्यादा बागवानी पुरस्कार प्राप्त करेंगे। किसानों को सम्मान मिलने से जिला के अन्य किसानों को भी परंपरा से हटकर कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी। बागवानी विभाग किसानों की आय बढ़ाने के लिए भरसक प्रयासरत है। इस मौके पर जिला बागवानी सलाहकार डॉ देवेंद्र कुमार, उद्यान विकास अधिकारी डॉ राधेश्याम खेरवा, हॉर्टिकल्चर वर्कर राजकुमार फील्डमैन सहीराम के अलावा सभी सम्मानित किसान मौजूद थे।

### एक अप्रैल से होगा कन्या पूजन एवं भंडारा

**नारनौल।** नांगल चौधरी में एक अप्रैल से विशाल कन्या पूजन और भंडारा आयोजित किया जाएगा। महंत गोलागिरी संत मंडली के नेतृत्व में यह आयोजन क्षेत्र की शांति के लिए नौ दिन तक चलेगा। यह विशाल यज्ञ के रूप में होगा। राव तुलाराम चौक स्थित यादव धर्मशाला में यह भंडारा आयोजित किया जाएगा। इसके लिए महंतों का आना शुरू हो गया है और करीब सत्तर महंत एकसाथ यज्ञ में आहुति करेंगे। महंत गोलागिरी संत मंडली के नेतृत्व में यह आयोजन एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम होगा, जिसमें क्षेत्र के लोगों को एकसाथ आने और प्रार्थना करने का अवसर मिलेगा। यह आयोजन न केवल क्षेत्र की शांति के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन भी है।




नारनौल। रक्तदाताओं को बैज लगाते चौधरी धर्मपाल व अन्य।

### निफा की ओर संवेदना-2 अभियान के तहत रक्तदान शिविर आयोजित

- रक्तदान महादान हैं, रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं : चौधरी धर्मपाल
- कैंप में कुल 35 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) की ओर से शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के 94 वे शहीदी दिवस के अवसर पर देशभर में 16 से 30 मार्च तक महा अभियान संवेदना-2 के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार रेडक्रॉस कार्यालय में भारतीय रेडक्रास सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा, चण्डीगढ़ के वाईस चेयरमैन अकुंश मिगलानी के जन्मदिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

आल इंडिया एक्स-सर्विसमैन वैलफेयर सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी धर्मपाल ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। कैंप में कुल 35 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। आल इंडिया एक्स-सर्विसमैन वैलफेयर सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी धर्मपाल ने कहा कि रक्तदान महादान हैं, रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं है। हम सभी स्वस्थ लोगों का यह नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम निस्वार्थ भाव से मानव की भलाई के लिए रक्तदान करें। साथ ही उन्होंने जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस मौके पर रेडक्रॉस सचिव बलवान सिंह, डा. एसपी सिंह व डिवीजनल कमांडर टेकचंद यादव ने रक्तदाताओं को समय-समय पर रक्तदान करने का आह्वान किया। रक्तदान शिविर में आज समाजसेवी प्रवीन संघी ने सभी रक्तदाताओं को पानी के थरमस भेंट करके उनकी हौसला अफजाई की। वाईस चेयरमैन के जन्मदिवस के अवसर पर कार्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम भी किया।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर समाजसेविका कृष्णा आर्य ने टीबी के पांच मरीजों को पोषण कीट वितरित की। कैम्प में सरकारी अस्पताल से डॉ. रुचि यादव एवं उनकी समस्त मेडीकल टीम के अलावा रेडक्रॉस स्टॉफ मौजूद था।

## शहर को जोड़ने वाले सभी मार्गों को फोरलेन बनाने की मांग

# महेंद्रगढ़ के 20 विकास कार्यों को लेकर सामाजिक संगठनों ने सीएम को भेजा पत्र



महेंद्रगढ़। डीसी डॉ. विवेक भारती को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

क्षेत्र के सामाजिक संगठन के लोगों ने शहर व क्षेत्र के विकास को लेकर मुख्यमंत्री के नाम डीसी डॉ. विवेक भारती को ज्ञापन सौंपा। सामाजिक संगठनों ने शहर व क्षेत्र के विकास को लेकर 20 महत्वपूर्ण मांग रखी हैं। शहर को जोड़ने वाले सभी मार्गों को फोरलेन बनाने, एडीजे कोर्ट स्थापित करने, सैनिक स्कूल खोलने तथा महेंद्रगढ़ नगर पालिका को नगर परिषद का दर्जा दिए जाने सहित अन्य मांगे रखी है, ताकि महेंद्रगढ़ भी विकास के मामले में आगे बढ़ सके। ज्ञापन में संगठन से जुड़े लोगों ने बताया कि वे सरकार का ध्यान क्षेत्र की कुछ बुनियादी समस्याओं की और खींचना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि जिले की जनता ने बीते विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पर अपना पूरा विश्वास दिखते हुए जिले की तीन विधानसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों को विजय बनाया है। मुख्यमंत्री जब भी महेंद्रगढ़ के क्षेत्र की जनता से रूबरू होने आते हैं तो जनता उनका उत्साह के साथ स्वागत करती है। क्षेत्र के लोगों को उम्मीद है कि मुख्यमंत्री इस क्षेत्र के लिए विकास कार्यों का पिटारा खोलने का कार्य करेंगे ताकि बीते 11 साल के समय में विकास कार्यों में आई कमी को पूरा किया जा सके। इस मौके पर समाजसेवी रामनिवास पाटोदा, धर्मवीर, बलवंत सिंह, अजीत, जगदीश आदि मौजूद थे।

**मुख्यमंत्री क्षेत्र के लिए विकास कार्यों का पिटारा खोलने का कार्य करेंगे**

#### यह रखी मांग

- महेंद्रगढ़ शिक्षा का हब बन चुका है। शहर में बढ़ते प्राइवेट यातायात साधनों से जाम का माहौल बना रहता है। शहर के चारों तरफ फोरलाइन व बाईपास बनाए जाएं, ताकि जाम से छुटकारा पाया जा सके।
- महेंद्रगढ़ शहर के चारों तरफ गांव को जाने वाली सभी सड़कों को पांच किलोमीटर तक चार लेन बनाया जाए।
- शहर में शीघ्र नई एडीजे कोर्ट खोली जाए ताकि यहां की जनता को उनके घर द्वार पर ही न्याय मिल सके।
- जब तक मुख्यालय की मांग की कार्यवाही पूरी हो तब तक जिले के उच्च अधिकारियों को दो दिन के लिए महेंद्रगढ़ में सरकारी कार्यों के लिए बैठाया जाए ताकि आम जनता को लगे की महेंद्रगढ़ भी एक जिला है।
- महेंद्रगढ़ शहर में बिजली विभाग का डिवीजन स्टोर खोला जाए, शहर व ग्रामीण पावर हाउस को अपग्रेड किया जाए और 40 साल पुराने तारों को बदला जाए ताकि लोगों को पूरी बिजली मिल सके।
- महेंद्रगढ़ शहर का पुराना किला ऐतिहासिक किला है, इस किले का नवीकरण कर शीघ्र ही देश विदेश के पर्यटकों के लिए पर्यटक स्थल बनाकर चालू किया जाए ताकि क्षेत्र के लोगों की आमदनी बढ़ सके।
- जाट पाली में सेंट्रल यूनिवर्सिटी में मेडिकल कॉलेज खोला जाए। इसके अलावा खुडाना-पाली गांव में आईआईटी खोली जाए।
- महेंद्रगढ़ शहर के सरकारी अस्पताल में सभी प्रकार की सुविधा वाली मशीन लगाई जाए तथा पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था की जाए।
- महेंद्रगढ़ में हरियाणा राज्य परिवहन का सब-डिपो को जल्दी चालू किया जाए और ड्राइवर प्रशिक्षण ट्रेनिंग के लिए बड़ी कार्यशाला खोली जाए। सभी जिलों में ट्रेनिंग स्कूल अलग-अलग सभी प्रकार की सुविधाएं मिली हुई है जो की महेंद्रगढ़ में नहीं हैं।
- महेंद्रगढ़ शहर में महिला थाना व पुलिस लाइन, बस स्टैंड पर पुलिस चौकी व हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में भी पुलिस चौकी खोली जाए।
- महेंद्रगढ़ शहर के पास सैनिक प्रशिक्षण केंद्र खोला जाए।
- . सरकार द्वारा पूर्व में घोषित दादरी-अलवर-महेंद्रगढ़ रेल लाइन का निर्माण करवाया जाए तथा झज्जर कोसली रेल लाइन को महेंद्रगढ़ के आदर्श स्टेशन से जोड़कर महेंद्रगढ़ को जंक्शन बनाया जाए।
- जिला महेंद्रगढ़ के लिए निजी उद्योगों को प्रोत्साहित किया जाए वो अपने उद्योग यहां स्थापित कर सके, जिस से महेंद्रगढ़ के लोगों को रोजगार मिल सके और उन्हें रोजगार के लिए अन्य जिलों का सहारा न लेना पड़े इसलिए आईएमटी खुडाना के कार्य को जल्दी शुरू किया जाए।
- ग्रामीण क्षेत्र को शहर की तरह सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं दी जाए।
- क्षेत्र में अच्छी खेल प्रतिभाएं है, उन्हें तराशने के लिए यहां अलग - अलग सभी खेलों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए जिससे की क्षेत्र के खिलाड़ी राज्य राष्ट्रीय व अंतर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिमा निखार सके ताकि यहां की प्रतिभाएं प्रदेश का नाम देश व विश्व में रोशन कर सके।
- महेंद्रगढ़ की अनाज मंडी सबसे पुरानी है परंतु आज तक उपेक्षित है, इसमें टीन शेड लगवाने के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी उपलबध करवाई जाए।
- महेंद्रगढ़ कोर्ट परिसर से महिला कॉलेज महेंद्रगढ़ के साथ आवागमन के लिए ओवर ब्रिज बनाया जाए ताकि लोगों को रोड क्रॉस करते समय परेशानी का सामना न करना पड़े और होने वाले हादसे से बचा जा सके।

# हरियाणा उदय : साइक्लोथॉन-2.0 में भाग लेने के लिए नागरिक जल्द कराएं पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के तहत प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से ड्रग फ्री हरियाणा के तहत एक साइकिल यात्रा नशा मुक्ति के नाम/" थीम पर आधारित साइक्लोथॉन-2.0 में भाग लेने के लिए जिला के नागरिक uday.haryana.gov.in/AntiDrug_Cyclothon पर पंजीकरण करवा सकते हैं। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त डॉ विवेक भारती ने बताया कि यह यात्रा सात अप्रैल को जिला चरखी दादरी के चिड़िया गांव से जिला महेंद्रगढ़ के बाघोत गांव में प्रवेश करेगी। इस दिन यह यात्रा इन दोनों जिलों में लगभग 69 किलोमीटर चलेगी। इसके बाद आठ अप्रैल को नूनी अव्वल से यह यात्रा शुरू होकर जिला महेंद्रगढ़ के आखिरी गांव चंदपुरा से रेवाड़ी जिले में प्रवेश करेगी। इस दिन यह यात्रा इन दोनों जिलों में लगभग 58 किलोमीटर की यात्रा तय करेगी। डीसी ने बताया कि साइक्लोथॉन-2.0 में भाग लेने के लिए जिला के सभी नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। जिला प्रशासन जन भागीदारी के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाएगा। इस कार्य के लिए विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी भी तय की गई है।

# आरोपित से पूछताछ में 15 एटीएम कार्ड बरामद

- 7 चेकबुक, 6 पासबुक, 8 सिम कार्ड के साथ ही 2 मोबाइल फोन भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

करीब एक करोड़ अठारह लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले में साइबर थाना की टीम ने एक आरोपित सुरेश वासी बनगांव थाना भट्टू कलां फतेहाबाद को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया है। आरोपित टेलीग्राम टास्क/टेलीग्राम पर ऑनलाइन कार्य का झांसा देकर साइबर फ्रॉड करने मामले में संलिप्त था। आरोपित बैंक खाते उपलब्ध कराने और फ्रॉड की राशि को ट्रांसफर करने का काम करता था। रिमांड के दौरान पूछताछ में पुलिस ने आरोपित से 15 एटीएम कार्ड, सात चेकबुक, छह पासबुक, आठ सिम कार्ड व दो मोबाइल फोन बरामद कर जब्त किए हैं। पुलिस ने आरोपित का पासपोर्ट भी जब्त किया है।

पीआरओ सुमित कुमार मुताबिक पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने पुलिस की साइबर थाना को साइबर ठगी की वारदात में संलिप्त आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हुए हैं।

#### साइबर फ्रॉड की शिकायत

शिकायतकर्ता सुनील कुमार वासी खैराना ने साइबर फ्रॉड की शिकायत देते हुए बताया कि वह भारतीय सेना से सेवानिवृत है। गत 9 जुलाई को उसको टेलीग्राम पर ऑनलाइन वर्क के संबंध में एक मैसेज प्राप्त हुआ और घर बैठे ऑनलाइन वर्क करने की प्रक्रिया के बारे में बताया। उसके पास 12 जुलाई को एक वेबलिंक भेजा, शिकायतकर्ता ने उस लिंक पर क्लिक किया तो एक वेबसाइट खुल गई। जिस पर शिकायतकर्ता ने उनके बताए अनुसार वेबसाइट पर अपनी सभी जानकारी भरकर रजिस्ट्रेशन कर दिया। उसके बाद साइबर ठगों ने शिकायतकर्ता को एक ग्रुप ज्वाइन करवाया, जिसमें रोजाना वेबसाइट पर कुछ टास्क पूरे करने थे। विभिन्न बैंक खातों अलग-अलग तिथियों में कुल 1,18,47,353 रुपये जमा करवाए।

### बाल फूलवारी स्कूल के संस्थापक सुरेंद्र कुमार को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बीएचडी इंस्टीट्यूट व बाल फूलवारी स्कूल के संस्थापक रिटायर्ड ड्राइंग मास्टर सुरेंद्र कुमार का 21 मार्च को हृदय गति रूकने से निधन हो गया था। बाढडा के विधायक उमेद सिंह ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्वर्गीय सुरेंद्र यादव सबका हित चाहने वाले बहुत ही मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। जिससे भी एक बार मिलते थे अपने स्वभाव से उसे अपना बना लेते थे। शिक्षा जगत में उन्होंने एक शिक्षक के रूप में 30 वर्षों से अधिक कला अध्यापक के रूप में कार्य कर महेंद्रगढ़ के गांव बैरावास, बेरी, झुक गांव में अपनी सेवाएं दी। उनके निधन पर उनके निवास स्थान अनाज मंडी में बाढ़डा विधायक उमेद सिंह पातुवास, जगत सिंह गाडौली ठेकेदार, डॉ. बीरसिंह, डॉ. राजबीर, राजपाल पटवारी, बिजेंद्र चेयरमैन, राजकुमार जज, कप्तान सुरेंद्र, शिवताज आर्य, विकास सिंह, श्यामलाल सैनी, मनोज गौतम, आदि ने शोक प्रकट किया। इस मौके पर देवेंद्र, महेंद्र, विक्रम, शक्ति, पारस, पूर्व पार्षद डॉ. तरूण यादव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

# चैत्र नवरात्रे में माता की चौकी लगाएगा टाइगर क्लब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मंगलवार चैत्र नवरात्रों की तैयारियों के लिए टाइगर क्लब की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रधान राकेश यादव ने की। बैठक में चैत्र नवरात्रों की तैयारियों के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई। माता की चौकी के पुरोहित नारायण शास्त्री होंगे। दरबार सजावट व्यवस्था प्रवीण यादव, अरुण सोनी, एडवोकेट विश्वास यादव, साउंड व्यवस्था महीपाल गांव पटीकरा, मोहन सागर, सागर म्यूजिकल ग्रुप एवं मंच संचालन हेमंत जैन करेंगे। पुरोहित नारायण शास्त्री एवं नरेंद्र बंसी, नवीन वशिष्ठ, विनोद सर्राफ ने बताया कि 30 मार्च को शुरू होने वाले चैत्र नवरात्र व हिंदू नववर्ष के राजा और मंत्री सूर्य हैं। यह संयोग 10 साल बाद बन रहा है। काशी में चैत्र नवरात्र में नौ दुर्गा और नौ गौरी की पूजा का विधान है। मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना शुरू होगी।

#### यहां लगाई जाएगी माता की चौकी

इस मौके पर उपप्रधान राजेश सैनी, संजय सैनी, ललित कुमार व सुनील शर्मा ने बताया कि 30 मार्च को प्रथम नवरात्रे पर माता की चौकी रामसिंह सैनी ग्राम कोजिंदा की ढाणी, 31 मार्च पंकज सैनी मोहल्ला माली टिब्बा, एक अप्रैल नवल कुमार गुप्ता मोहल्ला खड़खड़ी, तीन अप्रैल नवीन कुमार यादव ग्राम पटीकरा, 4 अप्रैल रवि सैनी मोहल्ला मामराज कॉलोनी, 5 अप्रैल सचिन बंसल मोहल्ला खड़खड़ी के निवास स्थान पर माता की चौकी होना तय हो चुका। इस अवसर पर अरुण सोनी, प्रवीण यादव व विश्वास यादव एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।



नारनौल। बैठक करते टाइगर क्लब के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**कार्यक्रम** एक किमी बिजली तार व 11 किमी लंबी नई केबल पुरानी लाइन के स्थान पर लगाई जाएगी

# गर्मी से पहले अटेली उपमंडल के गांवों में 25 नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

मार्च माह के बाद अचानक गर्मी की दस्तक शुरू हो गई है। इस गर्मी के मौसम में बिजली की खपत भी बढ़ जाती है। विद्युत कर्मियों पर बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर व निर्बाध विद्युत आपूर्ति का दबाव रहता है। गर्मी के मौसम में अटेली बिजली उपमंडल के कर्मियों ने बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए तैयारी शुरू कर दी है। अप्रैल से पहले या इस माह तक गर्मी के तेज शुरू होने से पहले अटेली उपमंडल में एक किमी तार व 11 किमी लंबी नई केबल पुरानी लाइन के स्थान पर लगाई जाएगी। इसके अलावा 100 केवीए के 25 नए ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएंगे। जानकारी के अनुसार अटेली बिजली उपमंडल के अंतर्गत मंडी अटेली शहर के अलावा 44 गांवों के करीब 27 हजार बिजली उपभोक्ता हैं। इनमें 3500 के करीब कृषि, 100 के करीब इंडस्ट्रीज के कनेक्शन है। अटेली बिजली के 132 केवी सब स्टेशन से बजाड, महासर, भीलवाड़ा व कांटी के 33 केवी सब स्टेशन लगते है। अटेली सब स्टेशन से 10 आरडीएस तथा 40 कृषि फीडर लगते है।

उपमंडल के सभी जेई व फोरमैन को अपने-अपने एरिया की लाइन का मेंटेनेंस के लिए निर्देश दिए हुए हैं। जिन गांवों व फीडरों की लाइन व ट्रांसफार्मरों में किसी प्रकार की दिक्कत है, उसका एस्टीमेट बनाया जा रहा है। एस्टीमेट लगभग तैयार हो गए हैं। बिजली निगम क्षेत्र में गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए जोर-शोर से तैयारी कर रहा है।

एक किमी बिजली के नये तार व 11 किमी लंबी नई केबल पुरानी लाइन के स्थान लगाने के अलावा 100 केवीए के 25 नये ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएंगे। उनिंदा फीडर में बिजली के आए दिन फाल्ट आने पर इसको 33 केवी बजाड़ पावर हाउस से जोड़ा जाएगा। इसके शुरू होने से फीडर से कनेक्ट गांव उनिंदा, धन्नौदा, चंदपुरा, सुजापुर आदि गांवों में बिजली आपूर्ति में सुधार होगा।



मंडी अटेली। पॉवर हाउस। फोटो : हरिभूमि

#### उपभोक्ता भी निगम का सहयोग करें

अटेली सिटी के जेई नरेंद्र कुमार विशेष कार्य कर रहे हैं। वह अटेली सिटी को दो भागों में विभाजित करने पर भी काम कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निगम अपने उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए कटिबद्ध है, लेकिन उपभोक्ता भी निगम का सहयोग करें। अगर कोई बिजली चोरी करता है तो निगम को सूचित करें।